
क्या मुझे एंटीबायोटिक की ज़रूरत है?
में
डॉ सेफ्टी
BIOTIC



# क्या मुझे एंटीबायोटिक की ज़रूरत है?

में

# डॉ सेफ्टी

**क्या मुझे एंटीबायोटिक की ज़रूरत है?**
**ISBN: 978-65-87107-71-4**

**संपादकीय बोर्ड:** लैस जुंकेइरा, क्रिस्टीआने तवारेस, टियागो डलसिन, हेलेन हैस्केल, हुसैन जाफरी, रेजिना कामोगा।

**चित्रांकन:** पेड्रो डी लूना

**एल्सेवियर फाउंडेशन:** यलान स्केम, डोमिज़ियाना फ्रांसेस्कॉन और महा रान्नम

**प्रोजेक्ट मैनेजर:** लैस जुंकेइरा

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कृपया संपर्क करें:
एल्सेवियर फाउंडेशन
https://elsevierfoundation.org/
और
वर्ल्ड पेशेंट्स एलायंस
https://www.worldpatientsalliance.org/

चित्रकार से संपर्क करने के लिए कृपया लिखें:
Ilustrecomunicacao@gmail.com

क्या मुझे यह दवा लेनी चाहिए? © 2024 एल्सेवियर फाउंडेशन और वर्ल्ड पेशेंट्स एलायंस द्वारा प्रकाशित है और यह CC BY-NC-ND 4.0 लाइसेंस के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त है।
इस लाइसेंस की एक प्रति देखने के लिए कृपया जाएँ:
https://creativecommons.org/licenses/-by-nc-nd/4.0/

एल्जेवियर फाउंडेशन और वर्ल्ड पेशेंट्स एलायंस ने मिलकर रोगी की सुरक्षा को समर्पित बच्चों की एक प्रेरणादायक पुस्तक श्रृंखला शुरू की है।


इस पहल का उद्देश्य विद्यालय के बच्चों को रोगी के सुरक्षा की बुनियादी अवधारणाओं और सिद्धांतों से परिचित कराकर उनकी स्वास्थ्य साक्षरता को बढ़ावा देना है।

युवा पाठकों को शिक्षित करके, श्रृंखला एक ऐसी पीढ़ी को विकसित करने की आकांक्षा रखती है जो सुरक्षित देखभाल को महत्व देती है और उसका अभ्यास करती है।


इसके अलावा, जब बच्चे अपने नए ज्ञान को अपने परिवारों के साथ साझा करते हैं, तो इस पहल से समुदायों पर एक स्थायी सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, जिससे व्यक्तियों को अपने दैनिक जीवन में रोगी की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का सामर्थ्य मिलेगा।

यह एक सुंदर धूप वाला दिन है, और टोबायस अपने दोस्तों के साथ समुद्र तट पर जाने के लिए उत्साहित है।
उन्होंने इस यात्रा की कई दिनों से योजना बनाई थी।
टोबायस बहुत खुश है क्योंकि उसे रेत में खेलना और समुद्र में तैरना बहुत पसंद है।
लेकिन अचानक उसे गले में खराश महसूस होती है और... खाँसी, खाँसी, खाँसी।

"ओह नहीं, खाँसी! वो भी आज के दिन!" टोबायस सोचता है।



समुद्र तट का दिन छूट जाने के डर से, टोबायस खुद ही खाँसी से निपटने का फैसला करता है।
वह घर की दवा की अलमारी में जाता है और एक बोतल देखता है जिस पर लिखा है "एंटीबायोटिक"।




जब टोबायस बोतल खोलता है।
तब सोचता है की "यह असर करेगी,"

अचानक, एक हरे रंग की चमक से वह चौंक जाता है! यह डॉक्टर सेफ्टी हैं!

– रुको टोबायस! क्या वह सही दवा है?

टोबायस चौंक जाता है। "क्यों? क्या यह खाँसी में मदद नहीं करेगी?"

— सभी खाँसियाँ एक जैसी नहीं होतीं। खाँसी के कई कारण हो सकते हैं, जैसे एलर्जी, दमा या वायरस और बैक्टीरिया जैसे कीटाणु। तुम्हारी खाँसी शायद स्कूल से लगी सर्दी के कारण है। सर्दी वायरस से होती है और एंटीबायोटिक से इसका इलाज नहीं हो सकता।




टोबायस उलझन में दिखता है। डॉक्टर सेफ्टी और विस्तार से समझाने का फैसला करती हैं।

बैक्टीरिया छोटे-छोटे जीव होते हैं जो हमारे चारों ओर, और अंदर रहते हैं। हम उन्हें नहीं देख सकते क्योंकि वे बहुत छोटे होते हैं!
कुछ बैक्टीरिया फायदेमंद होते हैं, लेकिन कुछ हमें बीमार कर सकते हैं।
एंटीबायोटिक विशेष दवाइयाँ होती हैं जो हानिकारक बैक्टीरिया से लड़ती हैं और हमें ठीक करने में मदद करती हैं
— लेकिन केवल तब, जब हम उन्हें सही तरीके से लें!



वायरस बैक्टीरिया से भी छोटे होते हैं। वे हमारे कोशिकाओं में चुपके से घुस जाते हैं और उन्हें वायरस फैक्टरी में बदल देते हैं, जिससे हमें बीमारी महसूस होती है। लेकिन सोचो क्या? एंटीबायोटिक वायरस पर काम नहीं करतीं। हमारी रोग प्रतिरोधक प्रणाली असली सुपरहीरो है जो वायरस से लड़ती है!





डॉक्टर सेफ्टी कहती हैं: “जब जरूरत न हो तब एंटीबायोटिक लेना या उन्हें पूरा न लेना बैक्टीरिया को और ताकतवर और चतुर बना सकता है। इसे एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस कहा जाता है।”

इसका मतलब है कि बैक्टीरिया दवाओं के खिलाफ लड़ना सीख जाते हैं, जिससे भविष्य में संक्रमण का इलाज करना कठिन हो जाता है।

टोबायस कुछ देर सोचता है।

– डॉक्टर सेफ्टी,मुझे लगता है कि मुझे खाँसी के बारे में मम्मी  को बताना चाहिए।

मैं गलत दवा नहीं लेना चाहता।





– शाबाश टोबायस! अब तुम वायरस और
बैक्टीरिया के बीच का फर्क समझते हो,
और यह भी जानते हो कि
एंटीबायोटिक केवल जरूरत पड़ने
पर ही लेनी चाहिए। सेफ्टी लीग
में तुम्हारा स्वागत है!

इससे पहले कि टोबायस कुछ कह पाए, डॉक्टर सेफ्टी उसी तरह हरे रंग की चमक के साथ गायब हो जाती हैं जैसे वे आई थीं।




जहाँ डॉक्टर सेफ्टी खड़ी थीं वहाँ ज़मीन पर एक चमचमाता बैज पड़ा है जिस पर लिखा है “सेफ्टी चैंपियन”।




टोबायस अपनी मम्मी को लिविंग रूम में पाता है।

– मम्मी, मुझे खाँसी हो रही है।



टोबायस की मम्मी उसका तापमान चेक करती हैं और पूछती हैं कि क्या और कुछ महसूस हो रहा है। टोबायस कहता है – नहीं।
“तो फिर आराम करना, खूब पानी पीना और देखना कि बाद में कैसा महसूस होता है,” मम्मी कहती हैं।




समुद्र तट का दिन छूटने से टोबायस दुखी है। वह बिस्तर पर जाता है और आराम करने की कोशिश करता है।



अचानक, उसे बारिश की बूंदों की आवाज़ सुनाई देती है। बारिश शुरू हो जाती है!




“उफ! समुद्र तट का दिन अब टल जाएगा!” टोबायस सोचता है। उसकी मम्मी कहती हैं: “चिंता मत करो टोबायस। हम किसी और दिन बीच पर जाएंगे, जब तुम ठीक महसूस करोगे।”




बिस्तर पर लेटे हुए और बारिश की आवाज़ सुनते हुए, टोबायस वह सब सोचता है जो उसने सीखा।
उसने सीखा है कि सही दवा ही लेनी चाहिए ताकि एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस से बचा जा सके...



...और कि एंटीबायोटिक का उपयोग बैक्टीरिया से लड़ने के लिए होता है, और सर्दी या फ्लू जैसी वायरल बीमारियों के लिए नहीं लेना चाहिए।



डॉक्टर सेफ्टी और अपनी माँ की बदौलत, अब टोबायस जानता है कि वह ठीक हो सकता है और फिर कभी समुद्र तट का आनंद ले सकता है!





अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ पूरा दिन समुद्र तट पर बिताना? वाह! टोबायस तो बस यही सोच रहा है!
लेकिन... वह खाँसी के साथ उठता है और एंटीबायोटिक लेने का फैसला करता है।
फिर उसे एक अप्रत्याशित मुलाक़ात मिलती है: डॉक्टर सेफ्टी आती हैं और उसे बैक्टीरिया और वायरस के बारे में बहुत सारी जानकारी देती हैं!



**क्या टोबायस समुद्र तट का दिन खो देगा? डॉक्टर सेफ्टी और उसके बीच कैसी बातचीत हुई?**



World Patients Alliance

THE ELSEVIER FOUNDATION

Translated By NATIONAL THALASSEMIA WELFARE SOCIETY